सं-12016/19/2025-रा.भा.(क-2) -पार्ट
राजभाषा विभाग
(गृह मंत्रालय)

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 14 जनवरी, 2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: 20 जनवरी, 2026 को इंदौर में आयोजित किए जाने वाले संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में सिक्योरिटी पास और सम्मेलन किट का वितरण।

जैसा कि विदित ही है, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा मध्य, पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 20 जनवरी, 2026 को इंदौर (मध्य प्रदेश) में किया जा रहा है। इस अवसर पर राजभाषा विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों को सिक्योरिटी पास एवं सम्मेलन किट का वितरण **लोकमाता देवी अहिल्या सभागार तक्षशिला परिसर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खंडवा रोड, भंवर कुँआ, इंदौर (मध्य प्रदेश)** में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

| | |
|---|---|
| 20 जनवरी, 2026 | प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09.45 बजे तक |

1. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको **पंजीकरण संख्या** प्रदान की गई है। सिक्योरिटी पास एवं सम्मेलन किट प्राप्त करने के लिए **कृपया इस पंजीकरण संख्या का प्रिंट आउट अपने सरकारी आई कार्ड के साथ अवश्य लाएं**। कृपया मोबाइल पर पंजीकरण न दिखाएं बल्कि उसकी हार्ड प्रति संबंधित व्यक्ति को प्रदान करें।
2. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए है।
3. किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए कृपया विभाग की वेबसाइट- rajbhasha.gov.in को निरंतर देखते रहें।

14/01/26
(राजेश श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (नीति/अनुसंधान एवं पत्रिका)

सेवा में,

सभी केंद्रीय कार्यालयों/ बैंकों/ उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।